खबर संक्षेप

### तहसील कार्यालय छिंदवाड़ा में वर्षों से जमे बाबू निजी कर्मचारियों के सहारे चला रहे कथित नेटवर्क

# प्रायवेट कर्मचारियों के सहारे बाबू कर रहे राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा (मनीष गड़करी)



छिंदवाड़ा के तहसील कार्यालय को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि यहां लंबे समय से "बाबू राज" कायम है और सरकारी व्यवस्था पर कुछ कर्मचारियों का ऐसा प्रभाव है कि बिना "सेटिंग" के आम नागरिकों के काम आसानी से नहीं हो पाते। पहले भी इस मुद्दे को प्रमुखता से हरिभूमि में उठाया जा चुका है, लेकिन हालात में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा।

सूत्रों के अनुसार तहसील कार्यालय में कई ऐसे कर्मचारी हैं जो वर्षों से जमे हुए हैं और शाखा बदलकर यहीं काम करते रहते हैं। कागजों में उनका तबादला जरूर होता है, लेकिन व्यवहार में वे उसी कार्यालय में दूसरी शाखा में पदस्थ कर दिए जाते हैं। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या स्थानांतरण नीति केवल औपचारिकता बनकर रह गई है।

## निजी कर्मचारियों के सहारे चल रहा कथित नेटवर्क

सबसे गंभीर आरोप यह है कि तहसील कार्यालय में कुछ बाबुओं द्वारा निजी कर्मचारियों को रखा गया है, जो कथित रूप से आर्थिक लेनदेन और फाइलों के प्रबंधन का काम देखते हैं। बताया जा रहा है कि इन निजी लोगों के माध्यम से ही कई मामलों में पैसों का लेनदेन होता है, जिससे सीधे सरकारी कर्मचारियों तक किसी भी जांच एजेंसी की पहुंच कठिन हो जाती है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि इस तरह की व्यवस्था इसलिए बनाई गई है ताकि यदि कभी अपराध नियंत्रण प्रकोष्ठ या लोकायुक्त पुलिस जैसी जांच एजेंसियों की कार्रवाई हो तो सीधे सरकारी कर्मचारियों पर हाथ न पड़ सके। आर्थिक लेनदेन निजी व्यक्तियों के जरिए कराए जाने से जिम्मेदारी तय करना कठिन हो जाता है।

## घरों में निपटाए जाते हैं 'सेटिंग वाले' काम

सूत्रों का कहना है कि कुछ मामलों में फाइलों से जुड़े काम कार्यालय के बजाय बाबुओं के घरों पर ही निपटाए जाते हैं। ऐसे मामलों में संबंधित पक्षों को कार्यालय के बाहर संपर्क करने के लिए कहा जाता है, जहां कथित रूप से आर्थिक लेनदेन के बाद काम तेजी से निपटाने की बात कही जाती है। इस व्यवस्था से आम लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि यदि किसी को वैध काम भी करवाना हो तो उसे बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि "सेटिंग" वाले मामलों में फाइलें तेजी से आगे बढ़ जाती हैं।

## वर्षों से जमे बाबू, तबादला नीति पर सवाल

तहसील कार्यालय में वर्षों से पदस्थ कुछ कर्मचारियों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि उनका तबादला तो कागजों में होता है, लेकिन वास्तव में वे उसी कार्यालय में शाखा बदलकर काम करते रहते हैं। इससे उनके द्वारा बनाया गया नेटवर्क लगातार मजबूत होता जाता है। सूत्रों का कहना है कि इन कर्मचारियों का स्थानीय स्तर पर इतना प्रभाव है कि नए अधिकारी भी कई बार उन्हीं के भरोसे काम चलाने लगते हैं। यही कारण है कि कई बार अधिकारी भी इनका तबादला कराने में रुचि नहीं लेते।

## कलेक्टर के आदेश के बाद भी जमे है प्रायवेट कर्मचारी, संपत्ति जांच की उठ रही मांग

तहसील कार्यालय को लेकर यह भी चर्चा है कि यदि यहां पदस्थ कर्मचारियों की संपत्ति की जांच की जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि वर्षों से जमे कर्मचारियों की आय और संपत्ति का मिलान किया जाए तो स्थिति स्पष्ट हो सकती है। निजी कर्मचारियों के नाम भी चर्चा में तहसील कार्यालय में **लक्ष्मण, राहुल और राजदीप** नाम के कुछ निजी कर्मचारियों के काम करने की चर्चा भी सामने आ रही है। बताया जाता है कि ये लोग विभिन्न शाखाओं से जुड़े कामों में सक्रिय रहते हैं और कथित रूप से आर्थिक लेनदेन में भी भूमिका निभाते हैं। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन चर्चा ने प्रशासन का ध्यान जरूर खींचा है।

## प्रशासन आरोपों को गंभीरता से लेते हुए जांच करें तो पूरी कहानी सामने होगी

स्थानीय सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि यदि इस पूरे मामले की किसी स्वतंत्र एजेंसी या विशेष जांच टीम से जांच कराई जाए तो तहसील कार्यालय में चल रही व्यवस्थाओं की सच्चाई सामने आ सकती है।लोगों का मानना है कि यदि "बाबू राज" पर लगाम लगाई गई और पारदर्शिता बढ़ाई गई तो आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। तहसील कार्यालय वह जगह है जहां जमीन, नामांतरण, सीमांकन और कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक काम होते हैं। ऐसे में यहां की व्यवस्था पारदर्शी और जवाबदेह होना बेहद जरूरी है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वास्तव में कोई जांच शुरू होती है। यदि जांच होती है और दोषी पाए जाते हैं, तो यह कार्रवाई न केवल तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली को सुधार सकती है बल्कि आम जनता का भरोसा भी बहाल कर सकती है।

## हिवरा में तेंदुए ने किया बछडे का शिकार



**पांढुर्णा।** विकासखंड के ग्राम हिवरासेनाडवार में कल सोमवार की रात एक तेंदूए ने कोठे पर बंधे एक छोटे गाय के बछडे का शिकार किया। इस घटना के बाद ग्रामीणजनों में भय का वातावरण पैदा हो गया है। रत्नाकर किनकर सुबह जब अपने खेत में गए तब उन्हें इस घटना का पता चला। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हिवरासेनाडवार के आस पास जंगलनुमा माहौल है, जहां बडी संख्या में झाडियां मौजूद है। जंगली क्षेत्र होने के कारण किसानों के गोवंश पर हमेशा ही शिकार होने का खतरा मंडराते रहता है। वनविभाग के अधिकारियों ने भी तेंदूए द्वारा बछडे के शिकार की पुष्टि की है।

## कुएं में मिला युवती का शव

**परासिया :-** नगर के वार्ड क्रमांक 20 चीप हाउस स्थित एक कुवें में 19 वर्षीय बालिका का शव मिला है। जानकारी अनुसार सोमवार की रात मृतिका हनी ऋषिका कोचे की मां अपने बेटे को लेकर कही गई हुई थी। वापस घर लौटने पर हनी घर पर नहीं मिली। तलाश करने पर उसका शव समीप के कुंवे में देखा गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला। मंगलवार को पोस्टमार्टम दो चिकित्सकों द्वारा किया गया। मृतिका का एक भाई और दो बहन है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

## एस आई टी ने किया अपना काम अब प्रशासन को चाहिए , अस्पताल को दिलाए शिशु रोग विशेषज्ञ

**परासिया :-** कोल्ड्रिफ कफ सिरप कांड में विशेष जांच दल (एस आई टी) ने तो अपना काम कर दिया , इस कांड से जुड़े लोगों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया , जांच अब भी जारी है । इस मामले में शहर के 3 शिशु रोग विशेषज्ञों के जेल चले जाने से शहर में अब कोई शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं है । अब प्रशासन की जिम्मेदार दारी है कि , सिविल अस्पताल को शिशु रोग विशेषज्ञ उपलब्ध कराए । इसके लिए सत्ता पक्ष के नेताओं और अन्य जन प्रतिनिधियों को भी प्रयास करने होंगे ।परासिया के इतिहास में कफ सिरप कांड काले धब्बे जैसा है । सिस्टम की अनदेखी और डॉक्टरों की लापरवाही के चलते 25 मासूमों की जान चली गई । सरकार ने पीड़ितों को जो राहत देना था वो दें चुकी । जन प्रतिनिधियों ने भी जो सहयोग करना था वो कर चुके । अब शहर में स्तिथ सिविल अस्पताल में चाइल्ड स्पेशलिस्ट नहीं है , जिससे बच्चों के इलाज को लेकर माता - पिता चिंतित है । यहां के प्राइवेट अस्पतालों में भी चाइल्ड स्पेशलिस्ट नहीं है । ऐसे में शासन - प्रशासन को प्राथमिकता से इस कमी को पूरा करना चाहिए । इसके साथ ही स्थानीय सत्ता पक्ष के नेताओं और अन्य जन प्रतिनिधियों का दायित्व बनता है , कि वे भी वर्तमान में उपजी इस समस्या के समाधान के लिए कदम उठाए । सरकार के सामने बात रखे , ताकि जल्द से जल्द अस्पताल को शिशु रोग विशेषज्ञ मिल सके ।

## महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**छिंदवाड़ा।** इनर व्हील क्लब छिंदवाड़ा डिस्ट्रिक्ट 304 द्वारा आयोजित महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ उत्साह एवं गरिमा के साथ किया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण और उनके सम्मान के उद्देश्य से आयोजित इस क्रिकेट प्रतियोगिता में महिलाएँ पूरे जोश के साथ क्रिकेट खेल रही हैं।यह टूर्नामेंट इनर व्हील क्लब छिंदवाड़ा अध्यक्ष श्वेता पाटनी घई के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुश्री अनुसुईया उईके एवं विशिष्ट अतिथि स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन के हस्ते किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों का स्वागत और सम्मान किया तथा मैच का टॉस कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया।

## जनसुनवाई : कलेक्टर श्री नारायन ने सुनी 143 आवेदकों की समस्यायें

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 143 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, सड़क बनाने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री नारायन ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम लोहारबतरी की श्रीमती राजकुमारी पहाड़े ने पति की जलाशय में डूबने से मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता दिलाने, ग्राम गोरखपुर के श्री गणराज पवार ने आंजनी जलाशय के लिये शासन द्वारा निजी भूमि भू-अर्जन की गई जिसका मुआवजा दिलाने, अमरवाड़ा के वार्ड क्रमांक-03 और 04 के वार्डवासियों ने वार्ड की नाली को छोड़कर 15 फिट रोड निर्माण कराये जाने, चांद के ग्राम रमपुरीढाना के दिव्यांग श्री यशवंत श्रीवास ने आत्मनिर्भर योजना के तहत जीविका के लिये आर्थिक सहायता दिलाने, ग्राम पौनार के श्री अशोक साहू ने आवेदक की भूमि में अनावेदकों द्वारा किये गये कब्जे को हटवाने, ग्राम नागलवाड़ी के श्री मनोहर प्रसाद ने अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, जनपद पंचायत अमरवाड़ा में पदस्थ चौकीदार श्री रामचरण सल्लाम ने मंहगाई भत्ता, जीपीएफ, छटवां वेतनमान व सातवां वेतनमान का लाभ दिलाने, छिंदवाड़ा नगर के वार्ड नंबर-46 के श्री सुशील पवार ने मकान की लीज रिनेवल कराने आदि प्रकरणों में जनसुनवाई हुई।

# अवैध कॉलोनी पर निगम की सख्ती, तोड़े गए निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा



नगर निगम क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 01 में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी पर निगम प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। निगम अमले ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण कार्यों को ध्वस्त कर दिया।

मौजा छिंदवाड़ा की खसरा संख्या 55/2 और 256 में कुछ लोगों द्वारा बिना अनुमति के कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इस भूमि पर कॉलोनाइजरों द्वारा बाउंड्रीवाल, सीसी सड़क और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण कार्य कराए जा रहे थे। नगर निगम को इसकी जानकारी मिलने के बाद मामले की जांच कराई गई, जिसमें यह पाया गया कि कॉलोनी के विकास के लिए निगम से किसी प्रकार की वैधानिक अनुमति नहीं ली गई थी।

कॉलोनाइजर के रूप में नरेश पिता शिवराम, लक्ष्मी पति रमेश राठौर, ब्रजनाथ पिता रमेश, हरीश पिता शिवराम तथा संजय पिता मालारी के नाम सामने आए हैं। इनके द्वारा बिना अनुमति कॉलोनी विकसित कर प्लॉटिंग किए जाने की भी जानकारी मिली थी।

कॉलोनी के विकास के लिए नगर निगम की अनुमति, नक्शा स्वीकृति और अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करना अनिवार्य होता है। बिना अनुमति कॉलोनी विकसित करना नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है और इसके खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है।

नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देश पर निगम का अमला, राजस्व विभाग और पुलिस की मौजूदगी में मौके पर पहुंचा। टीम ने पहले निर्माण कार्य रुकवाया और उसके बाद बुलडोजर की सहायता से अवैध रूप से बनाए गए निर्माण को हटाने की कार्रवाई की।

कॉलोनी को अवैध घोषित कर दिया गया है। साथ ही संबंधित कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। निगम आयुक्त ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी भूमि या प्लॉट की खरीद-फरोख्त करने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति और नगर निगम से स्वीकृति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# जलसंकट: पेयजल के लिए जूझ रहा चौरई

### शहर कांग्रेस ने पेजयल समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई में नगरपालिका की लापरवाही के चलते गर्मी के प्रारंभ होते ही पेयजल की स्थिति गंभीर हो गई है नगर के सभी 15 वार्डों में कभी एक दिन, कभी दो दिन तो कभी तीन दिन की आड़ में आम नागरिकों को पेयजल की आपूर्ति की जा रही है आम नागरिको को पेयजल की व्यवस्था हेतू अभी से पानी टैंकरों से पानी खरीदकर अपना काम चलाना पड़ रहा है।

जल संकट, साफ सफाई आदि समस्याओं के संबंध में मंगलवार को शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज खंडेलवाल के नेतृत्व में कांग्रेस के पार्षदगण एवं अन्य कांग्रेस सदस्यों ने चौरई एस डी एम प्रभात मिश्रा को एक ज्ञापन सौपा जिसमें चौरई नगर में जारी पेयजल संकट के शीघ्र निराकरण कर प्रतिदिन पेयजल की आपूर्ति की माँग की गई है साथ ही अन्य समस्याओं - नगर में जगह जगह फैला कचरा व गंदगी की समस्या, कचरा गाड़ी का नियमित संचालन न होना, सुअरो व आवारा मवेशियो की समस्या, नये स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अस्वीकृत आवेदनों की जाँच कर अधिकतम पात्र आवेदकों को आवास योजना का लाभ प्रदान करने की माँग सहित नगर में ग्रीष्मकालीन सार्वजनिक प्याऊ खोलने व नगर की यातायात व्यवस्था को शीघ्र सुधारने की माँग की गई है जिस पर चौरई एस डी एम प्रभात मिश्रा ने उपस्थितजनों उचित व जल्द निराकरण का भरोसा दिलाया है।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तीरथ सिंह ठाकुर, वरिष्ठ नेता सुशील सक्सेना, तेजपाल पटेल, रामू वर्मा, पार्षदगण अमित चौरसिया, श्रीमती पुष्पा राउत, श्रीमती चित्रा पांडे, श्रीमती फरजाना मंसूरी, प्रदीप सनोडिया, अंकित पांडे, शहीद मंसूरी, स्वाती श्रीवास्तव, सुरजीत ठाकुर, सचिन वर्मा, राबी सिंह ठाकुर, जितेंद्र जैन, आनंद पटेल, अमिताभ राउत, हर्षित चौरसिया, चिंटू चौरसिया, राजेश भारद्वाज, बालकिशन वर्मा, निलेश सनोडिया, राहुल वर्मा सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## श्री रविशंकर साहू के देवलोक गमन पर विनम्र श्रद्धांजलि

**दमुआ।** लायंस सेवा समिति दमुआ के अध्यक्ष श्री रविशंकर साहू जी के देवलोकगमन के समाचार से क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त हो गया। उनके सम्मान में शासकीय महाविद्यालय दमुआ में महाविद्यालय परिवार द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने श्री साहू जी के सामाजिक सेवा कार्यों को स्मरण करते हुए उन्हें एक सरल, सौम्य और समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व बताया।महाविद्यालय परिवार ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# बैठकों से नहीं बुझेगी प्यास, जनता को है ठोस कदम की आस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



गर्मी बढ़ने के साथ - साथ जल संकट भी गहराने लगा है । जिससे उबरने के लिए एस डी एम के नेतृत्व में एक बैठक हुई । जिसमें पानी की समस्या पर चर्चा हुई , लेकिन सच्चाई यह है , कि बैठकों से प्यास नहीं बुझने वाली । जनता को शासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की आस है ।

जनपद सभा कक्ष परासिया में सोमवार को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अभी से गहराते जल संकट को लेकर बैठक हुई । यह बैठक एस डी एम शुभम यादव ने ली । बैठक में पी एच ई ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के अधिकारी , विधायक , जनपद अध्यक्ष , सभापति , चारों निकाय के प्रतिनिधि शामिल हुए ।

बैठक में सभी ने अपने - अपने क्षेत्र में व्याप्त पानी की समस्या बताई और सुझाव भी दिए । बैठक में सामने आया , कि शहरी क्षेत्र जिनमें खासकर परासिया और न्यूटन में जल संकट विशेष है । यहां पेंच नदी और अन्य स्थानीय जल स्त्रोतों से पानी सप्लाई की जा रही है , जो अपर्याप्त हैं ।

गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी सप्लाई के दिनों का अंतराल भी बढ़ते जा रहा है । पेंच नदी में पानी नहीं है । बार - बार नदी जाना , बैठकें लेना , नदी में गड्ढे खुदवाना ये सब करने से समस्या हल नहीं होने वाली ।

## अधूरा है पाइप लाइन का कार्य

परासिया नगर पालिका के द्वारा अमृत 2.0 के अंतर्गत करोड़ों की लागत से मंधान डेम से परासिया तक पानी लाने के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया है , जो अभी केवल 4 किलो मीटर तक ही बिछ पाई है । बिल का भुगतान नहीं होने से ठेकेदार ने काम बंद रखा है । फारेस्ट और पी डब्ल्यू डी की एन ओ सी भी नहीं मिली है । पी डब्ल्यू डी विभाग को नपा द्वारा 32 लाख का भुगतान भी किया जाना बाकी है । नपा अध्यक्ष जेल में है , उपाध्यक्ष नदी जाकर निरिक्षण करते हैं , गड्ढे खुदवाते हैं , उनके द्वारा नगर के अन्य जल स्त्रोतों का भी निरिक्षण किया गया , पर क्या इससे समस्या हल हो पायेगी । ऐसा तो हर साल गर्मी आने से पूर्व किया जाता रहा है , जबकि होना ये चाहिए , कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य युद्ध स्तर पर होना चाहिए । जहां जो बकाया है उसका भुगतान करके , सम्बंधित विभागों से एन ओ सी लेकर कार्य शुरू होना चाहिए । इसी पाइपलाइन से न्यूटन नगर परिषद भी उम्मीद लगाए हुए है । यही एक ठोस कदम है जिससे आने वाले भीषण जल संकट को रोका जा सकता है , नहीं तो आगामी दिनों में प्रशासन को जन आक्रोश और आंदोलनों का सामना करना पड़ेगा ।

## नल - जल योजना भी अधूरी

बैठक में मौजूद जनपद सदस्य राजकुमारी इवनाती ने बैठक में बताया , कि उनके जनपद क्षेत्र में नल - जल योजना अधूरी है । चार गांव ऐसे हैं जहां नल - जल योजना शुरू ही नहीं हुई । जो काम दिसंबर - जनवरी में पूरा हो जाना तक उसके लिए अब बैठकें हो रही हैं । 10 - 15 दिनों में क्या हो पायेगा । उनके अनुसार ये सब खानापूर्ति के अलावा कुछ भी नहीं है ।

### दो साल से टेंट में विराज रहे भगवान श्री गणेश, शहरवासियों ने प्रशासन से की शीघ्र निर्माण की मांग

# 1000 वर्ष प्राचीन गणपति मठ का निर्माण अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शहर के गुजरीबाजार परिसर में स्थित लगभग एक हजार वर्ष प्राचीन बताए जाने वाले गणपति मठ में बीते दो वर्षों से गणेशोत्सव के दौरान भगवान श्री गणेश की प्रतिमा टेंट में स्थापित की जा रही है। धार्मिक आस्था के इस प्रमुख केंद्र का निर्माण कार्य अधूरा होने से शहरवासियों में नाराजगी और चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि स्वयं को सनातन धर्म की सरकार बताने वाले शासनकाल में आस्था के केंद्र इस मठ की गणेश प्रतिमा को अब तक स्थायी चारदीवारी और छत नहीं मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है।



## श्री गणेश प्रतिमा को छत मिले

शहर के नागरिकों का कहना है कि मठ से जुड़ा विवाद प्रशासनिक स्तर पर चलता रहेगा, लेकिन आस्था के इस केंद्र का निर्माण कार्य जल्द पूरा होना चाहिए। नागरिकों ने मांग की है कि कलेक्टर या एसडीएम स्वयं पहल कर मठ के निर्माण के लिए किसी नोडल या स्वतंत्र एजेंसी का गठन करें, जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों का नियंत्रण हो। इस एजेंसी के माध्यम से निर्माण कार्य को तेज गति से पूरा कराया जाए, ताकि आगामी 4-5 महीनों बाद आने वाले गणेशोत्सव में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा टेंट के बजाय नए भव्य मठ में विराजमान हो सके।

## अचानक रूका मठ का निर्माण

गौरतलब है कि पांढुर्णा के नागरिक पीढ़ियों से इस प्राचीन मठ की परंपरा से जुड़े रहे हैं। दो वर्ष पूर्व तक भगवान श्री गणेश की प्रतिमा मठ के पुराने भवन के भीतर विराजमान होती थी। मठ के पुनर्निर्माण के उद्देश्य से प्राचीन भवन को हटाकर नए भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। करीब 8 से 10 माह तक निर्माण कार्य तेज गति से चला और नए भवन का फाउंडेशन लगभग तैयार भी हो गया, लेकिन इसके बाद अचानक निर्माण कार्य रुक गया। बताया जा रहा है कि मठ के महाराज और समिति के बीच कुछ मतभेद उत्पन्न हो गए हैं, जिसके चलते मामला प्रशासनिक स्तर पर विचाराधीन है। जानकारी के अनुसार मठ से संबंधित लगभग 40 लाख रुपये की राशि स्थानीय प्रशासन के पास जमा है, लेकिन विवाद के कारण यह राशि निर्माण कार्य के लिए आवंटित नहीं की जा रही है।

## मठ में है 5 महाराज की समाधियां है

मठ का धार्मिक महत्व भी काफी पुराना और विशेष है। पिछले 200 से 300 वर्षों में यहां कई संतों ने महाराज का पदभार संभाला है, जिनमें से पांच संतों की समाधियां अलग-अलग स्थानों पर बनी हुई हैं। बताया जाता है कि इनमें से शंकरैया महाराज ने अपने कार्यकाल में जीवंत समाधि ली थी। नए निर्माण के फाउंडेशन में भी इन पांचों पूर्ववर्ती महाराज की समाधियों का स्थान सुरक्षित रखा गया है। इसके साथ ही भगवान श्री गणेश की स्थापना के लिए विशेष चबूतरे का निर्माण भी किया गया है। हालांकि निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण पिछले दो वर्षों से गणेशोत्सव के दौरान भगवान श्री गणेश की प्रतिमा फाउंडेशन पर ही स्थापित कर उसके चारों ओर टेंट लगाया जाता है। स्वयं का विशाल स्थान और पर्याप्त राशि उपलब्ध होने के बावजूद प्रतिमा का टेंट में विराजना शहरवासियों की धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहा है।

## मन्त्री को बर्खास्त करने महिला काँग्रेस ने दिया ज्ञापन



**परासिया :-** भारत सरकार के केबीनेट मन्त्री हरदीप पुरी का नाम ऐपिस्टिन फाइल में आने के बाद कांग्रेस आक्रामक है । बावजूद इसके कार्यवाही नही होने पर कांग्रेस लगातार अपने - अपने क्षेत्रों में आंदोलन कर रही है । सोमवार को ब्लाक महिला काँग्रेस परासिया ने भी महामहिम राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी परासिया को ज्ञापन सौपा है । महिला काँग्रेस का कहना है , कि मन्त्री हरदीप पुरी ने किशोरी बालिकाओं का शोषण एवं महिलाओं पर अत्याचार का आरोप होने के बाद भी उन पर कानूनी कार्यवाही नही की गई है । हम मांग करते है कि मन्त्री को बरखास्त किया जाए । उन पर कानूनी कार्यवाही की जाए । ज्ञापन अखिल भारतीय महिला काँग्रेस नई दिल्ली , प्रदेश महिला काँग्रेस भोपाल एवं जिला महिला काँग्रेस छिंदवाड़ा के आदेशानुसार दिया गया है । ज्ञापन कार्यक्रम में अंजली श्रीवास्तव ब्लाक अध्यक्ष , सावित्री वर्मा नगर अध्यक्ष , मीना उइके , दुलारी मालवी , उर्मिला रजक , भावना साहू , रीना बावरिया , तारा श्रीवास्तव , समरीन खान , सपना वर्मा एवं अन्य महिलाएं उपस्थित थीं ।

## एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सम्पन्न

**छिंदवाड़ा।** शासन की योजनाओं का बैहतर रुप से क्रियान्वयन कर जरूरत मंद लोगो को उसका लाभ मिल सके ।इस उद्धेश्य को लेकर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के द्वारा ग्राम पंचायत घाटपरासिया मे नवांकुर समिति अपूर्वा फाऊंडेशन सेक्टर क्रमांक 3 के सहयोग से विकास खंड के चयनित 5 प्रस्पूटन समितियो के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चौरई लिंक कोर्ट तहसील बिछुआ जिला छिंदवाड़ा ::**

**इस्तहार**

क्रमांक/211/ प्रस्तु0-2/अ0वि0अ0 रा0प्र0क्र0-0870/अ-6(अ)/2025-26
मौजा कान्हासागर तहसील बिछुआ चौरई दिनांक 25/02/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सुखराम पिता गेंदलाल जाति बरई निवासी परासिया तहसील परासिया जिला छिन्दवाड़ा एवं अन्य 03 द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया गया कि मौजा कान्हासागर प.ह.नं. 40 रा.नि.म मोया तह0 बिछुआ जिला छिन्दवाड़ा में आवेदकगण की पारिवारिक शामिल शरिक भूमि खसरा 12/2 13/2-रकबा 0.5340, 1.7970 हे0 भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं। आवेदक क्रमांक 4 दिलीप के पिताजी स्व0 सीसराम उर्फ विसराम पिता गेंदलाल दिनांक 06/12/2001 को फौत हो चुके है। आवेदक के पिताजी का नाम राजस्व रिकार्ड में सीसराम तथा मृत्यू प्रमाण पत्र में विसराम दर्ज है। इसके इनका नाम राजस्व रिकार्ड में सीसराम उर्फ विसराम किये जाने तथा उक्त भूमि में चंद्रराम पिता गेंदलाल का नाम दर्ज है जबकि इस नाम का आवेदक गण के परिवार में कोई भी व्यक्ति नहीं है और न ही इस नाम कोई वारसान है। उक्त नाम त्रुटिवश शामिल खाते में दर्ज है जिसे विलोपित किये जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो इस न्यायालय में प्रचलित है। तथा अनावेदक चंद्रराम पिता गेंदलाल की उपस्थिति हेतु नियत है। उक्त आवेदन के संबंध में हितबद्ध व्यक्ति / संस्था या अन्य को किसी प्रकार की दावा आपत्ति यदि हो तो नियत सुनवाई तिथि दिनांक 25/03/2026 पूर्व स्वयं या मान्य अभिकर्ता/अधिवक्ता के साथ समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत सुनवाई तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा। ईस्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 25/02/2025 को जारी।

स्थान : लिंक कोर्ट तहसील बिछुआ
पेशी दिनांक- 25.03.2026

### कीचड़ के बीच पानी भरने को मजबूर महिलाएं

# स्वच्छ भारत अभियान को ठेंगा दिखा रही है पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

एक ओर देश और प्रदेश में स्वच्छता को लेकर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी सौसर क्षेत्र के ग्राम सवरनी में जमीनी हकीकत इसके उलट है। यहाँ के ग्रामीण ग्राम पंचायत की कार्यशैली और प्रशासनिक उदासीनता के कारण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। गंदगी दूषित पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब दे रहा है।एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला अध्यक्ष कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के गुलशन गजभिये ने बतायागाँव के सार्वजनिक हैंडपंपों के पास पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। हालत यह है कि पानी भरने आने वाली महिलाओं को घुटने तक कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना




पड़ता है। जलभराव के कारण आने-जाने वाले राहगीर भी आए दिन परेशान होते हैं, लेकिन पंचायत प्रशासन इस ओर आँखें मूंदे बैठा है। गाँव की मुख्य पाइपलाइन कई जगहों पर लीकेज है।लीकेज वाले स्थानों पर मलमूत्र और नालियों का गंदा पानी जमा हो जाता है,जो पाइपलाइन के जरिए सीधे लोगों के घरों तक पहुँच रहा है। इस दूषित पानी के सेवन से पूरे गाँव में जलजनित बीमारियों और महामारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है।ग्रामीण कई बार लिखित मौखिक आवेदन दे चुके हैं, लेकिन पंचायत का कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति सुनने को तैयार नहीं है।यदि जल्द ही नालियों की सफाई, पाइपलाइन की मरम्मत और हैंडपंप के पास निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

## माली समाज विकास परिषद ने मनाई सावित्रीबाई फुले जी की पुण्यतिथि



**छिंदवाड़ा।** माली समाज भवन बरारीपुरा में जिला माली समाज विकास परिषद द्वारा सावित्रीबाई फुले 129 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी उक्ताशय की जानकारी परिषद के प्रचार मंत्री दिलीप चरपे ने बताया कि इस अवसर पर परिषद के संयोजक भाऊराव चरपे सावित्रीबाई फुले द्वारा किये गये कार्यो पर उद्बोधन दिया गया एवं समस्त कार्यकारिणी द्वारा सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से संयोजक भाउराव चरपे, विजय घोरसे कार्यवाहक अध्यक्ष, संजय दास उपाध्यक्ष, ज्ञानेश्वर कनेरे कोषाध्यक्ष, गनेश कारटे संगठन मंत्री, हरिभाउ बाड़बुदे उपाध्यक्ष, शिशिर बाड़बुदे कार्यकारी सदस्य, मनीष दास, मयंक सातपुते, महिला कार्यकारिणी की अनिता चरपे संरक्षक सदस्य, अध्यक्ष लक्की चोरकर अध्यक्ष, लक्ष्मी दास कार्यवाहक अध्यक्ष, रेखा आलोनकर उपाध्यक्ष, वर्षा भुसानकर उपाध्यक्ष, शुभांगी घोरसे महामंत्री, संगीता चरपे संगठन मंत्री, मनोरमा सातपुते, सपना घोरसे, योगिता दोड़के, एवं सामाजिक बंधु और महिलायें उपस्थित थी ।

## मोहगांव नगर कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

**सौंसर।** नगर कांग्रेस कमेटी मोहगाव हवेलीके द्वारा क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार को बंद करने की मांग को लेकर मोहगाव पुलिस को ज्ञापन सोपा है।मोहगांव हवेली नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शंकर ब्रहे ने बताया कि में नगर के हर चौराहे पर अवेध ग्रुप से शराब बिक्री की जा रही है, 24 घंटे खुलेआम बची जारी शराब के कारण गांव का वातावरण बिगड़ रहा है। आए दिन अवैध शराब बिक्री के कारण विवाद किस तिथियां उत्पन्न हो रही है।गाँव से गौतस्करी हो रही है, और गांजा भी हर स्थान पर मिल रहा है। तथा गांव में अवैध धंदे खुलेआम चल रहे है। मोहगांव नगर अद्धनारिश्वर की पावन भुमि है जिसके कारण गाँव की छवि धुमील हो रही है।नगर में चल रहे अवैध कार्यों पर शिघ्रता-शिघ्र प्रतिबंध लगाना चाहिए। इस दौरान रामराव ब्रहे,अंसार खान. कपिल गाड़ेकर. नंदू वाघमारे. पार्षद धीरज माहेश्वरी .रामकृष्ण फरकसे. प्रभाकर लिखारे आदि उपस्थित थे।

## विद्या की देवी सावित्रीबाई फुले में मनाया स्मृति दिवस

**सौंसर।** देश की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारिका क्रांतिज्योति मातोश्री सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर मंगलवार को सौंसर में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्थानीय महात्मा ज्योतिबा फुले मंगल भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध जनों और मंडल के सदस्यों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके संघर्षों को याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले विकास मंडल के पदाधिकारियों द्वारा माँ सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं की शिक्षा और समाज में समानता लाने के लिए उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा की अलख जगाई, जिसका परिणाम है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। श्रद्धांजलि सभा में मंडल पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे सहित समाज के वरिष्ठगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। संचालन समन्वय मंडल अध्यक्ष पवन सरोदे, ने किया,आयोजन में कुशल वनखड़े, नीता ताई बोडखे के धनराज सरोदे, वासुदेव बुले, रामकृष्ण बोडखे, पवन बोडखे, संजय रेवसकर, निलेश गाडगे, धनराज काले, विट्ठल बोबडे पुरुषोत्तम अंबड़कर,अनीता बोडखे, विजया श्रीखंडे, नलिनीगाडगे, शिलाताई श्रीखंडे आदि ने समाज हित में एवं सावित्रीबाई फुले के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का का संकल्प लिया।

## जामसांवली धाम में गौ-सेवा का नया अध्याय

**सौंसर।** गौ सेवा से पुण्य मिले, मिटे सभी संताप। जिस घर में गौ वास हो, बसता वहाँ प्रताप।।॰ इन्ही पावन पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए सुप्रसिद्ध आस्था केंद्र चमत्कारी श्री हनुमान मंदिर, जामसांवली में गौ-सेवा और धर्म संरक्षण का एक संकल्प साकार होने जा रहा है। गुरुवार 12 मार्च को शाम 6 बजे नवनिर्मित 'बजरंग गौशाला' का लोकार्पण गरिमामय समारोह में किया जाएगा।चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा से मिली जानकारी के अनुसारइस अत्याधुनिक गौशाला का लोकार्पण कलेक्टर एवं न्यास प्रबंधक नीरज कुमार वशिष्ठ तथा पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश के करकमलों द्वारा संपन्न होगा। इस अवसर पर मंदिर संस्थान ट्रस्ट के पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु साक्षी बनेंगे।मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गई 25 एकड़ भूमि पर इस गौशाला का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक से किया गया है। जिसमे लगभग 15 हजार वर्गफुट क्षेत्र में दो बड़े शेड बनाए गए हैं। परिसर में जल संग्रहण हेतु डैम (जल संरचना) और नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर 600 मीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण किया गया है। गौ-भोजन कक्ष, चारा भंडारण केंद्र, और परिसर का आकर्षक विद्युतीकरण व सौंदर्यीकरण किया गया है।चमत्कारी श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित इस गौशाला में लगभग 800 गौवंश के संरक्षण की क्षमता है। बीमार गौवंश के लिए विशेष चिकित्सा सेवा कक्ष और देखरेख करने वाले गौ-सेवकों के लिए आवास की व्यवस्था भी परिसर में ही की गई है। भविष्य की योजनाओं के तहत नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण भी प्रस्तावित है, जो इस मार्ग से गुजरने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा।



**इनका कहना है :** गोपाल शर्मा अध्यक्षश्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी, जामसावली मंदिर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि सनातन संस्कृति में गौ-सेवा सर्वोच्च है। यह गौशाला न केवल सेवा का केंद्र होगी, बल्कि पर्यावरण और समाजसेवा का प्रेरणास्रोत भी बनेगी। इसके अलावा अन्य क्षेत्र में भी यहां पर निर्माण कार्य तेज गति के साथ चल रहे हैं। उन्होंने समस्त धर्मप्रेमियों से इस पुनीत कार्य में सम्मिलित होने की अपील की है।

## माहेश्वरी महिला मंडल ने स्वानंद गोशाला में मनाई फूलों की होली

**सौंसर।** नगर में होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में राजस्थानी माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा स्वानंद गोशाला में एक भव्य और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्ति, उत्साह और फागुन के रंगों से सजे इस उत्सव में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरा अनुसार महेश वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात ब्रज की लठमार होली की याद दिलाते 'रसिया गान' और मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। महिलाओं ने न केवल गीतों पर नृत्य किया, बल्कि विभिन्न आनंदमय खेलों का भी लुत्फ उठाया। उत्सव का मुख्य आकर्षण फूलों की होली और गुलाल की बौछार रही, जिससे पूरा परिसर उल्लासपूर्ण वातावरण में डूब गया।मंडल की वरिष्ठ सदस्य शकुंतला सावल,शीला बागानी का श्रीफल एवं उपहार से सम्मान किया गया। इस आयोजन में मंडल की अध्यक्ष कृष्णा मुंधड़ा, उपाध्यक्ष किरण बागानी, सचिव राखी सावल, सह-सचिव विशाखा सुधा, वैशाली पालीवाल, गायत्री डागा, प्रतिभा चांडक, कविता बागानी, प्राची चांडक, तारा साबु, सांस्कृतिक मंत्री सुचिता बागानी,आरती शर्मा का विशेष योगदान रहा। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य नेहा भट्टड़, श्रद्धा सुदा, हिना चांडक, नितिका चांडक, नेहा राठी, नितिशा शर्मा, श्वेता चांडक और सलाहकार समिति की सदस्य सरला चांडक, शीला डांगरा, संतोष बागानी, लता बागानी, मीना राठी के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## जुन्नारदेव में मनाया 'लाइनमैन दिवस'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

विद्युत विभाग के दिशा-निर्देशों के परिपालन में जुन्नारदेव में अंशिका लॉन में 'लाइनमैन दिवस' का गरिमामयी आयोजन किया गया। जिसमें कार्यपालन अभियंता के मुख्य आतिथ्य एवं उपसंभाग सहायक अभियंता नरेन्द्र सिंह चौधरी एवं उपसंभाग तामिया संजय धुर्वे सहित सभी कनिष्ठ अभियंताओं की उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में विभाग की 'रीढ़ की हड्डी' कहे जाने वाले लाइनमैनों के महत्वपूर्ण योगदान को सराहा गया। मुख्य अतिथि कार्यपलन अभियंता प्रशांत नागेश ने अपने संबोधन में कहा कि विद्युत नेटवर्क के लाइन मेन ह्रदय है जो अँधेरे को प्रकाशमाय बनाने का कार्य करते है लाइन मेन विद्युत सिस्टम की रीढ़ की हड्डी है जिससे पूरा सिस्टम टिका हुआ है ।इस अवसर पर संभाग के उन कर्मठ लाइनमैनों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।जिन्होंने पूरे वर्ष सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए 'शून्य विद्युत दुर्घटना' के लक्ष्य को प्राप्त किया और उत्कृष्ट एवं सावधानी पूर्वक कार्य किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त लाइनमैनों का भी सम्मान किया गया और सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं की उपस्थिति में विभाग के प्रति उनके विश्वास को और सुदृढ़ किया गया। अधिकारियों ने सभी मैदानी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य उपयोग के साथ कार्य करने का संकल्प दिलाया। परमिट लेने सेफ्टी कार्य करने हेतु नाटकीय मंचन किया गया अंत मे आभार व्यक्त कर कार्यकम सफलता पूर्वक सम्पन हुआ।

### अस्थायी लीज की भूमि पर बिना अनुमति नियम विरुद्ध बन रही पक्की दुकानें

# नगरपालिका खेल रही नोटिस-नोटिस

**सीएमओ व जनप्रतिनिधि गॉधी जी के सामने बने गांधारी, लाखों रुपये के राजस्व क्षति की नहीं है चिंता**

### अंकित जैन बंधु, राजेश ग्लास सहित अन्य लीजधारी कर रहे अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूजवारासिवनी।



नगरपालिका परिषद वारासिवनी क्षेत्र में अवैध निर्माणों का सिलसिला लगातार जारी है। नगरपालिका से बिना वैधानिक अनुमति हासिल किए नागरिकों द्वारा अपने मकान व दुकानों का निर्माण कार्य किया जा रहा है और नगरपालिका में बैठे हुए सीएमओ, दो-दो उपयंत्री, राजस्व विभाग व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी ऑखों पर गॉधी जी की पट्टी बॉधे हुए गांधारी बने हुए है। उनके गांधारी बनने का दुष्परिणाम नगरपालिका परिषद को राजस्व की हानि के रुप में उठाना पड़ रहा है। लेकिन किसी को भी राजस्व हानि की कोई चिंता नहीं है।

**वार्ड पार्षदों ने मूंद रखी है ऑखे:** इतना ही नहीं जिन वार्डो में अवैध निर्माण कार्य चल रहे है, उस वार्ड के पार्षद व वार्ड प्रभारियों ने भी ऑखें मूंद रखी है। उन्हें भी नगरपालिका को हो रही राजस्व हानि की कोई चिंता नहीं है। जबकि नगर की जनता ने उन्हें नगर विकास व नगरपालिका की व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित करने के लिए चुना है।

**व्यवसाय के लिए लीज पर दी गई भूमि का कर रहे दुरुपयोग:** विदित हो कि नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा नगर में नागरिकों को व्यवसाय संचालित करने के लिए नगरपालिका व नजूल राजस्व की भूमि को लीज पर दिया गया है। इस भूमि पर कच्ची दुकान का निर्माण कर उस में व्यवसाय करने की अनुमति भी नगरपालिका द्वारा दी गई है। लेकिन पिछले कुछ वर्षो से लीजधारियों ने लीज की भूमि पर बिना नगरपालिका के अनुमति के पक्के भवन का निर्माण करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिससे नगरपालिका को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

**5-5 नोटिस, लेकिन 2-2, 3-3 मंजिलों का निर्माण कार्य बेधडक़ चालू:** लीज की भूमि पर बिना अनुमति के निर्माण कार्य करने वाले लीजधारियों को नगरपालिका परिषद द्वारा एक नहीं पॉच-पॉच नोटिस जारी किए जाते है। लेकिन उसके बावजूद भी लीजधारी निर्माण को रोकने के स्थान पर और भी तेजी से निर्माण कार्य करते हुए दो-दो, तीन-तीन मंजिला पक्की इमारत लीज की अस्थायी भूमि पर खड़ा कर लेते है और नगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि सिर्फ नोटिस-नोटिस का खेल खेलते रहते है। आज तक नगरपालिका प्रशासन द्वारा एक भी लीजधारी पर नगरपालिका द्वारा किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्यवाही नहीं की जा सकी है।

**वर्तमान में 3 दुकानों का निर्माण लगभग पूर्ण, 2 दुकानों का चल रहा निर्माण:** वर्तमान समय में नगरीय क्षेत्र में अस्थायी लीज की भूमि पर 3 दुकानों अंकित जैन बंधु की 2 दुकानें व सुराना मेडिकल के बाजू में बन रही दुकानें लगभग पूर्ण हो चुकी है, जिन्हें नगरपालिका सीएमओ द्वारा निर्माण काल से लेकर पूर्ण होने तक सिर्फ नोटिस देकर इतिश्री कर ली गई। उनके द्वारा किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही इन अस्थायी लीजधारियों के खिलाफ नहीं की गई।

**राजेश ग्लास वाले को दिए 3 नोटिस, फिर भी दो मंजिला इमारत तैयार:** नगरपालिका अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की इन उदासीनता के कारण अन्य अस्थायी लीजधारियों के हौसले बुलंद हो गए है और अब राजेश ग्लास वाले और सब्जी बाजार में एक दुकान का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है। नगरपालिका सीएमओ द्वारा राजेश ग्लास वाले का अब तक 3 नोटिस दिए जा चुके है, लेकिन इन नोटिसों की परवाह किए बिना उनके द्वारा लगातार दुकान का निर्माण कार्य प्रारंभ है। उनके द्वारा पहली सीमेंट कांक्रीट की छत का निर्माण करने के बाद दूसरी सीमेंट कांक्रीट छत के निर्माण की तैयारी जोरों पर है, जो एक-दो दिन में ढाल दी जायेगी। लेकिन नगरपालिका प्रशासन गांधारी बना हुआ है।

**सी एम हेल्पलाईन की शिकायतों को झूठी जानकारी देकर करवाया बंद:** यहॉ हम बता दे कि इन नियम विरुद्ध बन रही दुकानों की शिकायत सी एम हेल्पलाईन में भी की गई थी, लेकिन नगरपालिका परिषद के अधिकारियों ने झूठी जानकारी दर्ज करवा कर बिना शिकायतकर्ता की सहमति के सी एम हेल्पलाईन की शिकायत को बंद करवा दिया था। उसके बाद शिकायतकर्ता के बाद दोबारा शिकायत की गई है, लेकिन आज तक नगरपालिका के अधिकारियों द्वारा इस शिकायत का संज्ञान नहीं लिया गया है। इस तरह से नगरपालिका के अधिकारी-कर्मचारीगण शासन को गुमराह करते हुए सीएम हेल्पाईन की शिकायतों को बंद करवा कर मुख्यमंत्री की मंशा को गर्त में डालने का कार्य कर रहे है। इसके साथ ही अवैध रुप से बिना अनुमति के अस्थायी लीज की भूमि पर नियम विरुद्ध पक्का निर्माण कार्य करने वाले लीजधारियों पर कोई कार्यवाही नहीं करने से उनकी मंशाओं पर भी सवाल खड़े किए जा रहे है।

**गॉधी जी से मुँह बंद करने की चर्चाएँ आम:** यहीं नहीं अवैध रुप से निर्माणकर्ता लीजधारियों द्वारा भी जनता के बीच खुल कर कहा जाता है कि हमने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों का मुँह गॉधी से बंद कर दिया है, इसीलिए हमारे अवैध निर्माण को कभी कोई नहीं तोड़ पायेगा। एक प्रकार से देखा जाए, तो नगरपालिका अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा इन अवैध निर्माणकर्ता लीजधारियों को सिर्फ नोटिस देकर इतिश्री करने से लीजधारियों की बातों में दम भी नजर आता है कि इन पर गॉधी जी का प्रभाव पड़ा हुआ है, इसीलिए वह किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही नहीं करते है। अब देखना यह है कि इतने गंभीर आरोपों के बाद नगरपालिका अधिकारी व जनप्रतिनिधि इन अवैध निर्माणकर्ता लीजधारियों पर कोई कार्यवाही करते है या फिर लीजधारियों की बातों को सही ठहरा देते है?

**इनका कहना है:-**

राजेश ग्लास वाले को 3 नोटिस निर्माण कार्य बंद करने के लिए दिए गए है। लेकिन उनके द्वारा निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया है। हमारे द्वारा उनकी निर्माण सामग्री जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

**सूर्यप्रकाश उके मुख्य नगरपालिका अधिकारी नपा वारासिवनी।**

### आखरी अशरे में छुपी होती है शब ए कद्र की चमत्कारी रात

# रमज़ान उल मुबारक का आखरी अशरा शुरू

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** हर साल मुसलमान इस्लामी कैलेंडर के नौवें महीने में रोजे रखते हैं. रमजान के महीने का रोजा इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक माना जाता है. इस साल रमजान की शुरुआत चांद की तारीख के हिसाब से 18 फरवरी से हो चुकी है. जो मुसलमान शारीरिक रूप से सक्षम हैं, उन्हें पूरे महीने के रोजे रखने चाहिए. रमजान का महीना चांद दिखने के आधार पर 29 से 30 दिनों तक चलता है. इस्लामिक मान्यता के अनुसार, अल्लाह ने रमजान ए पाक के महीने को तीन भागों में बांटा है, जिन्हें रमजान के 'अशरा' के रूप में जाना जाता है.इस महीने का तीसरा अशरा 20वें रोजे की मगरिब से शुरू होता है, जो ईद का चांद दिखाई देने तक जारी रहता है। इसमें इबादत करने से जहन्नुम से आजादी मिलती है।अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर रफीक शेख ने बयान करते हुए कहा कि रमजान-पाक को तीन अशरों में बांटा गया है। दूसरा अशरा मुकम्मल हो रहा है। तीसरे अशरे की शुरूआत के साथ ही मस्जिदों और घरों में एतकाफ का सिलसिला शुरू हो जाएगा। रमजान में 20वें रोजे के मगरिब से शुरू होकर चांद रात तक मस्जिद में रहकर अल्लाह की इबादत करने को एतकाफ कहा जाता है। तीसरे अशरे की ताक रातों में शब-ए-कद्र भी आएगी। इसी अशरे की 21, 23, 25, 27 और 29वीं रात शब कद्र की पाक रात है। उन्होंने कहा शबे कद्र की रात को हजार महीने की रातों के बराबर बताया गया है। लेकिन वह कौन सी रात है, किस रात को कुरान शरीफ नाजिल हुआ, यह किसी को मालूम नहीं है। इसलिए रोजेदार इन पांच रात को जागकर अल्लाह रब्बुल इज्जत की इबादत करते हैं। रमजान के तीसरे अशरे में ही फितरा और जकात भी अदा की जाती है, जिससे ईद की नमाज गरीब लोग भी खुशी से अदा कर सकें।



अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर रफीक शेख ने बताया कि रमजान के पहले दस दिन रहमत और बरकत के दिन हैं और हर मुसलमान को अल्लाह से रहमत और बरकत के लिए दुआ करनी चाहिए।

रमजान के दूसरे दस दिन 11वें दिन से 20वें दिन तक मगफिरत का अशरा होता है. इस अशरे में मुसलमानों को अल्लाह से माफी मांगनी चाहिए और अपनी सभी गलतियों पर पछताना चाहिए. इस महीने में अल्लाह सभी मुस्लिमों के गुनाह को माफ कर देता है.रमजान का तीसरा अशरा- सलामती, निजाततीसरा अशरा रमजान की 21वीं तारीख से शुरू होता है और चांद के मुताबिक 29वीं या 30वीं तारीख को पूरा होता है. तीसरा अशरा जहन्नम से निजात के लिए जाना जाता है. हर मुसलमान को इस अशरे में जहन्नुम की आग से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा दुआ करनी चाहिए. आखिरी अशरा बहुत अहम और अव्वल है. इस अशरे में, चमत्कारी रात लैलतुल क़द्र भी आती है, और कई मुसलमान इस अशरे में एतकाफ़ भी करते हैं और अपनी दुआओं को ज्यादा करने की कोशिश करते हैं।

अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर रफीक शेख ने चर्चा के दौरान बताया कि रमजान उल मुबारक के आखरी अशरा आज से प्रारंभ हो रहा है इस अशरे को जहन्नुम की आग से निजात पाने का अशरा भी कहा जाता है। इस मुबारक अशरे की ताक रात यानी 21,23,25 और 27 रमजान की तारीख की रात में शब ए कद्र छुपी होती है। जिसे ढूंढकर उसमें इबादत करने से सवाब कई गुना बढ़ जाता है। शब ए कद्र की रात हजारों सालों की रातों से अफजल बताई गई है।

## 13 मार्च को आहरण संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण

**बालाघाट।** 13 मार्च को जिले के सभी विभागों के आहरण संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण पुराने कलेक्टर कार्यालय बालाघाट स्थित ई-दक्ष केंद्र में प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित किया गया है। जिला पेंशन अधिकारी श्री अमित कुमार मेरावी ने बताया कि आगामी समय में राज्य शासन के अंतर्गत सेवानिवृत्त होने वाले समस्त शासकीय सेवकों की पेंशन प्रकरणों का निराकरण राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल भोपाल से किया जाएगा। इसी संबंध में सभी आहरण संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण 13 मार्च को आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को अपने सहयोगी कर्मचारी के साथ उपस्थित होने के कहा गया है। जिले में विभिन्न विभागों के कुल 118 आहरण संवितरण अधिकारी है। 13 मार्च को प्रातः 11 से दोपहर 12:30 तक 29, दोपहर 01 से 02 बजे तक 30, अपरान्ह 03 बजे से 04 बजे तक 29 एवं सायं 04 से 05 बजे तक 30 आहरण संवितरण अधिकारियों की बैच को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान अंतर्गत सामाजिक कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था स्पोर्ट एंड स्काउट्स गाइड्स ऑर्गेनाइजेशन सेक्टर 01 द्वारा प्रस्फुटन योजना अंतर्गत ग्राम में गठित प्रस्फुटन समिति सामाजिक कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण का आयोजन निर्माण कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट हाल लांजी में आयोजित किया गया। जिसमें शुभारंभ अवसर पर श्री राजेन्द्र रामटेककर भूतपूर्व सैनिक एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमति वीणा उपराडे सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। संदीप रामटेककर परामर्शदाता द्वारा प्रस्फुटन समिति सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण कि रूपरेखा से अतिथियों को अवगत कराया। एवं स्वैच्छ सामूहिकता स्वावलंबन विषय पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। रामटेककर जी एवं वीणा जी ने प्रशिक्षण कि आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा सभी के सामूहिक एक साथ एक दिशा में कार्य करने से गांव का विकास तेजी से हो ता है।



युवाओं युवतियों को मोबाइल के दूष्परिणाम से बचने तथा सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने प्रेरित किया। संतोष नगपुरे विकासखण्ड समन्वयक ने दस्तावेज़ीकरण के महत्व को बताया। नवांकुर संस्था के सचिव लवकुश यादव ने स्वयंसेवी संस्था कि कार्यपद्धति एवं पवन धाकड आरक्षक ने साइबर क्राइम एवं धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए । प्रशिक्षण के समापन सत्र में शासकीय महाविद्यालय लांजी के पूर्व प्राचार्य श्री रेवाराम सोनवाने , शासकीय महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य श्रीमती गौतमा कठाने , आलोक चौरसिया समाजसेवी ,महेंद्र गुड्डू कराहे समाजसेवी द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण में सेक्टर 01 के समस्त ग्राम प्रस्फुटन समिति पदाधिकारी सहभागी रहे।

खबर संक्षेप

## शासकीय विधि महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी में प्रतिवर्ष अनुसार विश्व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महाविद्यालय प्रमुख प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार चौरासे के मार्गदर्शन के रूप में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की विशेष थीम 'गिव टू गेन' रखी गई है, महाविद्यालय में मुख्य वक्ता के रूप में हर्षा बधेल, सहा.प्रा.भौतिक शास्त्र नेताजी सुभाषचंद्र बोस कन्या महाविद्यालय सिवनी एवं प्रीति सिरसाम, शासकीय महाविद्यालय घंसौर जिला सिवनी, सुश्री दीक्षा पटले एवं सोनी सारसवत का पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। महिलाओं को सशक्तिकरण को लेकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है जिसमें महिला अपने अधिकारों को जानकर आत्मनिर्भर बन सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हर्षा बधेल ने कहा कि पूर्व से ही स्त्री एवं पुरूष के कार्यो को विभाजित कर दिया गया है और उन्हें संस्कृति में बाधकर उन्हें बढने का अवसर नहीं दिया गया है। जबकि आजादी के समय महिलाओं के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता उन्होंने अपनी लड़ाई स्वंय लड़ी है। प्रीति सिरसाम ने कहा कि अपने घर की चार दीवारी से बाहर निकल अपनी सोच को सशक्त बनाये। ताकि समाज में महिला के प्रति हो रही हिंसा के प्रति डटकर सामना कर अपने अधिकारों के साथ जीवन सुरक्षित कर सकें।

## मुनिया टांक बने भाजपा जिला मंत्री

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक विस्तार के तहत जिले में नई जिम्मेदारियों का वितरण किया गया है। इसी क्रम में भाजपा ने मुनिया टांक को जिला मंत्री के पद पर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।मुनिया टांक लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं और संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। पार्टी नेतृत्व ने उनकी संगठन के प्रति निष्ठा, सक्रियता और कार्यशैली को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। जिला मंत्री बनाए जाने पर मुनिया टांक ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर जिले के कई भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा। इस अवसर पर निरंजन मिश्रा, नरेन्द्र गुड्डू ठाकुर, मनीष तिवारी, पंजू चौधरी,महेन्द्र शाह मर्सकोले, मुकेश सेन, राजकुमार ठाकुर, अरविंद कुल्हाड़े तथा मनोज नामदेव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# नदी के अंदर हो रही अवैध रूप से खेती

## सिंचाई विभाग मूकदर्शक बना कभी कार्यवाही नहीं होने से कब्जाधारियों के हौंसले बुलंद

**नगर के समीप से होकर गुजरने वाली पतित पावन बैनगंगा नदी जो क्षेत्रीय जनों के लिए जीवनदायिनी है जिसमें बीते कुछ वर्षों से नदी का जलस्तर कम होते ही कुछ लोग अवैध रूप से नदी के भीतर ही खेती कर रहे हैं,साथ ही बड़ी मात्रा में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर फसलों को पैदा किया जा रहा है।**

जिससे बैनगंगा नदी का पानी मानव जीवन सहित अनेक जलीय जीव जंतु के लिए हानि कारक हो जाता है, कीटनाशक दवाओं के प्रभाव में आकर अनेकों जीव जंतुओं का जीवन भी नष्ट हो जाता है।

साथ ही उक्त नदी का जल नगर सहित आधे जिले में पीने के लिए सप्लाई होता है, जिसका प्रभाव यह है कि छपारा नगर में वर्ष भर लोग जल जनित रोग से पीड़ित नजर आते है।

इसके बाद भी समय रहते प्रशासन द्वारा इस रोक नहीं लगाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर मार्च महीने के शुरुआती सप्ताह में ही नदी के गिरते हुए जल स्तर को देखते आगामी समय में भीषण जल संकट

**पिछले वर्ष की तरह इस बार भी जल संकट से जूझेंगे लोग कुछ वर्षों से नदी का जलस्तर कम होते ही अवैध रूप से नदी में की जाती हैं खेती**



का सामना करना पड़ सकता है। वहीं पिछले वर्ष सिवनी शहर में आए जल संकट के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा इस मामले पर कोई ठोस कदम नहीं उठाना समझ से परे है।

साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि और जागरूक नागरिकों के द्वारा प्रशासन को अवगत कराए जाने के बाद भी इस मामले में लापरवाह पूर्ण रवैए के चलते लोगों में निराशा हैं।

इसके साथ ही देखने में आया कि पिछले कुछ वर्षों से नदी का जलस्तर कम होते ही अवैध रूप से नदी के अंदर ही खेती की जा रही हैं जो कि चिंताजनक हैं।

किंतु अत्यधिक अनाज उत्पादन की होड में इन सभी बातों को दरकिनार कर बेधडक़ बड़े पैमाने पर नदी के बीचों बीच खेती कई वर्षों से की जा रही है। जिस पर रोक लगाने में स्थानीय प्रशासन भी नाकाम रहा हैं। हाल के दिनों में सिंचाई हेतु तेजी से जिस तरह भीमगढ जलाशय से पानी छोड़ा जा रहा है उससे नदी का जलस्तर तेजी से घट गया है।वही अवैध रूप से खेती करने वाले किसान इस खाली भूमि पर नजर गढ़ाए हुए थे और कुछ ही दिनों बाद फसल बोने के लिए तैयारी प्रारंभ हैं जिसे लेकर नगर के गणमान्य नागरिक से लेकर जागरूक नागरिकों ने जिला कलेक्टर से अपील की है कि बैनगंगा नदी में अवैध रूप से खेती को रोक लगाई जाए जिससे नदी क्षेत्र पर किए जाने वाली विषैली खेती कार्य पर अंकुश हो। साथ ही नदी में होने वाली खेती पर रोक लगेगी तो इसके गहरी करण हेतु कार्यवाही भी की जा सकती हैं। साथ आगामी ग्रीष्म ऋतु में कम से कम पीने का पानी आम जनता को मिल सके किंतु यदि प्रशासन नहीं चेता तो एक बार फिर पिछले वर्ष की तरह जल संकट का सामना करना पड़ेगा।

## एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी व स्थानीय प्रशासन ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मचारीयों अधिकारियों को सम्मानित किया





**हरिभूमि न्यूज केवलारी।** अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभागीय दायित्वों को समर्पित सेवा भाव से कार्य करने बाली महिला कर्मचारीयों के सम्मान मे शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया । सांदीपनि विद्यालय खेल मैदान मे एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी ओर स्थानीय प्रशासन के द्वारा मंच पर विराजमान डा श्रीमति सुजाता गेडाम सिविल हॉस्पिटल , श्रीमति ज्योति गोस्वामी अधीक्षक आदिम जाति विभाग ,श्रीमति दीपमाला श्रीवास्तव सिविल हॉस्पिटल , श्रीमति किरन सोलंकी महिला बाल विकास, श्रीमति विक्की धुर्वे उपनिरीक्षक (पुलिस) एवं तेज धावक बालिका कुमारी खुशी मुंजारे को पुष्प गुच्छ, शाल ओर मोमेंटो अशीष भराडे एसडीओपी, प्रांजल पाठक सीईओ जनपद पंचायत, अमित तिवारी अध्यक्ष,अभय अग्रवाल, नितिन बघेल, निर्मल बघेल, एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी के पदाधिकारियों ने देकर सम्मानित किया ।अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान कार्यक्रम ओर शिक्षा विभाग वर्शेज स्वास्थ्य विभाग के क्रिकेट शुभारंभ पर बतौर मुख्य आतिथी रमाशंकर महोबिया सदस्य बाल संरक्षण समिति ने महिलाओं के सम्मान मे महिला दिवस के अवसर सम्मान समारोह मे उद्बोधन मे कहा कि भारत की भूमि मे सीता के त्याग ओर धर्म, राधा रानी की प्रेम की परिभाषा, रानी लक्ष्मी बाई, वीरांगना झलकारी बाई ,रानी दुर्गा वती, रानी अवंति बाई, रानी अहिल्या बाई होल्कर के साहस, पराक्रम ओर बलिदान एवं मई 2025 मे अपरेशन सिंदूर मे आतंकवादीयो के 9पनाहगाह को ध्वस्त करने बाली भारत की शेरनी कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह के अदम्य इच्छाशक्ति साहस को महिला दिवस पर समर्पित किया। मैराथन दौड़ ओर 5 किलोमीटर रन मे कीर्तिमान स्थापित करने बाली कुमारी खुशी मुंजारे को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया ।

## नवसाक्षर परीक्षार्थी परीक्षा 14 मार्च को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** साक्षरता दर बढ़ाने हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार संचालित ''उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम'' अंतर्गत कलेक्टर सह जिला मिशन संचालक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जिला परियोजना संचालक के निर्देशन में दिनांक 14 मार्च 2026 को नवसाक्षरों की मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन होना है। जिले के 19500 नवसाक्षर (परीक्षार्थी) परीक्षा में सम्मिलित होगें। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक रहेगा तथा परीक्षा तीन घंटे की रहेगी, परीक्षा तिथि में परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार परीक्षा केन्द्र आ सकता है। नवसाक्षरों को परीक्षा केन्द्र तक लाने में अक्षर साथी, सामाजिक संस्था, वरिष्ठ नागरिकों, एन.एस.एस, एन.सी.सी, भारत स्काउट गाइड, नेहरू युवा केन्द्र, जन अभियान परिषद, मुख्यमंत्री नेतृत्व विकास पाठयक्रम के छात्र/छात्राओं का सहयोग ले सकते है।

परीक्षा में ऐसे नवसाक्षर शामिल होगें, जो नवभारत साक्षरता कार्यकम अंतर्गत सर्वे के द्वारा चिन्हांकित किये गये हो तथा अक्षर साथियों के द्वारा नामांकन किया जाकर राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा आईपीसीएल पद्धति से तैयार की गई अक्षर पोथी प्रवेशिका से अध्ययन कार्य किया हो, पूर्व के ऐसे नवसाक्षर जिन्होंने साक्षरता अभियान अंतर्गत संचालित कक्षाओं में प्रवेशिका पूर्ण कर अंतरिम मूल्यांकन में सफलता अर्जित की हो, किन्तु प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया जा सका हो, ऐसे व्यक्ति जो पूर्व में शिक्षा प्राप्त कर चुके है किन्तु उनके पास किसी प्रकार का शैक्षणिक प्रमाण पत्र ना हो, किन्तु उनकी उम्र 15 वर्ष या अधिक हो। पूर्व परीक्षाओं में जिन परीक्षार्थी के परीक्षा परिणाम में सुधार की आवश्यकता है, उन्हें मूल्यांकन परीक्षा में शामिल कराया जावेगा।

परीक्षा केन्द्र शासकीय विद्यालय/पंचायत भवन/सामाजिक चेतना केन्द्र में होगे जो कि उपलब्ध सुविधाओं पर निर्भर करेगा। परीक्षा केन्द्र में उपयुक्त प्रबंध के साथ साथ अन्य प्रबंध जैसे पीने का पानी, टेबिल कुर्सी, फर्श टाटपटटी आदि की व्यवस्था की जावेगी। शासकीय स्कूलों के प्रधानाध्यापक/प्राचार्य परीक्षा केन्द्र प्रभारी होगें और परीक्षा के आयोजन के साथ जुडी समस्त गतिविधियों के लिए उत्तरदायी होगे। कुल मूल्यांकन 150 अंको का होगा, जिसमें पढन्ना-50, लिखना-50 एवं गणित-50 अंक निर्धारित किये गये है। प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत (17 अंक) या उससे अधिक अंक प्राप्त होने पर ही परीक्षा में उत्तीर्ण माना जावेगा। भारत सरकार द्वारा शिक्षार्थी के लिए कुल 5 अंक का ग्रेस देने हेतु प्रावधान किया गया है। यदि किसी शिक्षार्थी उक्त तीनों भागों में 33 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त किये जाते है, तो उक्त 5 अंकों को एक से अधिक भागों में विभाजित करते हुए (5 अंक) ग्रेस मार्क्स दिये जा सकेगें। इन शिक्षार्थियों को भी परीक्षा में उत्तीर्ण माना जावेगा। 33 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त होने पर संबंधित के परीक्षा परिणाम में ''सुधार की आवश्यकता'' लिखा जावेगा।

## बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी एक घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के उगली थाना क्षेत्र में उगली से चांगुटोला ग्राम रोड पर सोमवार देर रात एक बाइक गड्ढे में गिरने से अनियंत्रित हो गई। इस हादसे में बाइक सवार अशोक सूर्यवंशी (40) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

यह घटना उस समय हुई जब अशोक सूर्यवंशी घंसौर ग्राम से अपने घर चांगुटोला जा रहे थे। अचानक उनकी बाइक सड़क पर मौजूद एक गड्ढे में गिर गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को प्राथमिक उपचार दिया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां वाहनों का आवागमन काफी अधिक रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर फिसलन या गड्ढों के कारण बाइक बेकाबू हुई प्रतीत होती है। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास अन्य वाहन या अधिक लोग मौजूद नहीं थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही उगली थाना पुलिस सक्रिय हुई।

थाना प्रभारी सदानंद गोदेवार ने बताया कि बाइक फिसलने से चालक के घायल होने की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और प्रारंभिक तौर पर यह हादसा अनियंत्रित होकर बाइक फिसलने के कारण होना बताया जा रहा है।

## लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

**सिवनी, /** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने "संकल्प से समाधान अभियान" के अंतर्गत विभागवार प्राप्त आवेदनों तथा उनके निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने अनुभागवार संबंधित बीएमओ से आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की तथा पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाकर उनका वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र शीघ्र बनाने पर जोर दिया।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने शासन के निर्देशानुसार 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं के एचपीवी (**HPV**) टीकाकरण की अनुभागवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी पात्र बालिकाओं का चिन्हांकन कर उनके माता-पिता को टीकाकरण के लाभ एवं इसकी आवश्यकता के बारे में समझाया जाए, ताकि शत-प्रतिशत पात्र बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्कूलों एवं छात्रावासों में भी इस आयु वर्ग की सभी बालिकाओं का टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों से चर्चा की। उन्होंने पुराने जल स्रोतों के संरक्षण एवं नए जल स्रोतों, विशेष रूप से वॉटर सर्कुलेशन टैंक के निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। साथ ही भूमिगत जल स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से भवन निर्माण से जुड़े विभागों को सभी निर्माणाधीन भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायतों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लाभों के प्रति जागरूक कर उन्हें अपने घरों में यह प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित करने को कहा।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने भीमगढ़ डेम में उपलब्ध जल की जानकारी प्राप्त कर सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई), नगरपालिका तथा जल संसाधन विभाग को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन शुक्रवार से

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के स्नेह सम्मेलन सह वार्षिकोत्सव, 2026 का दो दिवसीय रंगारंग आयोजन शुक्रवार से शुरू हो रहा है। दो दिनों के इस मंचीय कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा और हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा।

पीएम कॉलेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय ने बताया कि सिवनी के विधायक दिनेश राय मुनमुन उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा की जिलाध्यक्ष मीना बिसेन करेंगी। जनभागीदारी अध्यक्ष पांडेय ने संभावना जताई है कि सिवनी- बालाघाट की सांसद भारती पारधी भी समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हो सकती हैं.

प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने बताया कि सत्र के दौरान शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, एनसीसी, एनएसएस और खेलकूद गतिविधियों में कॉलेज का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर सत्येन्द्र शेन्डे और स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर ने जानकारी देते हुए बताया कि एम ए (हिंदी) के आठ विद्यार्थियों ने हिंदी में नेट परीक्षा पास कर कॉलेज का नाम रोशन किया है. उन्हें भी वार्षिकोत्सव के दौरान सम्मानित किया जाएगा. बताया कि वार्षिकोत्सव में कॉलेज के युवा विद्यार्थियों की डांस, वादन और गायन विधाओं में रंगारंग प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्रबिंदु रहेंगी। मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा और हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा। शनिवार को वार्षिकोत्सव के समापन अवसर पर जिले के कलेक्टर और एसपी मौजूद रहेंगे. कार्यक्रम में सिवनी जिले के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, समाजसेवी, साहित्यकार और गणमान्य नागरिक भी आमंत्रित हैं ।

जन भागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय और प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने सभी विद्यार्थियों, कलाप्रेमियों, बुद्धिजीवियों और गणमान्य नागरिकों से वार्षिकोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

## ग्राम तिलेपानी और ढूटई में जल महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड सिवनी द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ब्लॉक छपारा के ग्राम तिलेपानी और ढूटई में जल महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कार्यपालन यंत्री नरेश कुवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कार्यक्रम में महिला दिवस को "नारी नीर शक्ति दिवस" के रूप में मनाते हुए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा दिया गया। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को नल-जल योजना के संचालन और रखरखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें जल संरक्षण और पेयजल योजनाओं के प्रभावी संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर नल-जल योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रदर्शन किया गया और उपस्थित ग्रामीणों को पानी की जांच की प्रक्रिया तथा उसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, महिलाओं और विभागीय अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## मरझोर में शोक की लहर: अमीरचंद चौरसिया का निधन, अंतिम संस्कार आज



**सिवनी/मरझोर।** मरझोर निवासी अमन शिवम चौरसिया के पूज्य पिता अमीरचंद चौरसिया का मंगलवार 10 मार्च की सुबह अचानक हृदय गति रुक जाने से दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही मरझोर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। स्वर्गीय अमीरचंद चौरसिया सरल, मिलनसार एवं धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे, जिनका समाज में विशेष सम्मान था। वे छिंदवाड़ा निवासी घनश्याम चौरसिया के बड़े भाई थे। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार उनका अंतिम संस्कार बुधवार 11 मार्च को प्रातः 9 बजे उनके निज निवास मरझोर से किया जाएगा, जहां परिजन, रिश्तेदार एवं क्षेत्रवासी उन्हें अंतिम विदाई देंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

## पेंच टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा फ्रेंड्स ऑफ मोगली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के खवासा एवं गुमतरा में पेंच टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा फ्रेंड्स ऑफ मोगली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कुल 370 बच्चोंष ने भाग लिया। इन सभी 370 बच्चों को पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के बफर क्षेत्र के 37 गांवों में निर्मित मोगली बाल उद्यान से आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को पर्यावरण संरक्षण वन्योप्राणी सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन आदि विषयों पर प्रेजेन्टे शन और पिक्च र के माध्यमम से जागरूक किया गया। कार्यक्रम के उपरांत बच्चों को गेम, स्वा दिष्टि भोजन, परिचर्चा तथा सफारी के माध्यरम से वन्य।प्राणी दर्शन का आनंद भी बच्चों द्वारा उठाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के द्वारा भी बच्चों से संवाद स्थाबपित किया गया तथा मोगली बाल उद्यान की स्वेचच्छार से देखभाल रखने, पर्यावरण प्रेम करने और आगे बढने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।कार्यक्रम में सुश्री गुरलीन कौर प्रशिक्षु भा.व.से. प्रभारी सहायक वन संरक्षक सिवनी क्षेत्र पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी, लोचन सिंह मर्सकोले जनपद पंचायत अध्यकक्ष कुरई एवं स्थाचनीय जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत बच्चों को वरिष्ठव अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के द्वारा उपहार स्व।रूप सामग्री प्रदान की गई।

### सेवा भाव की अनूठी मिसाल

# ग्राम पंचायत कनकी ने एमपी पुलिस अभ्यर्थियों के लिए खोले अपने द्वार, मिल रही हैं निःशुल्क सुविधाएँ









हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जहाँ एक ओर सरकारी भर्तियों की आपाधापी में अभ्यर्थियों को ठहरने और बुनियादी सुविधाओं के लिए दर-दर भटकना पड़ता है, वहीं बालाघाट जिले की जनपद पंचायत लालबर्रा की ग्राम पंचायत कनकी ने संवेदनशीलता और सेवा की एक नई इबारत लिखी है। ग्राम पंचायत कनकी के सरपंच दुर्गाप्रसाद पगरवार के नेतृत्व में पंचायत प्रशासन ने एमपी पुलिस कांस्टेबल, जीडी और एसएफ पदों की भर्ती परीक्षा के लिए आए अभ्यर्थियों के लिए पंचायत भवन में रहने, सोने और पीने का पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं का निःशुल्क प्रबंध किया है। इस पहल की चर्चा अब पूरे मध्य प्रदेश में हो रही है।

**भर्ती परीक्षा और पंचायत की भूमिका:** मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती के अंतर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षा (फिजिकल टेस्ट) का आयोजन बालाघाट स्थित 36वीं बटालियन ग्राउंड, कनकी में किया जा रहा है। यह प्रक्रिया 23 फरवरी से शुरू हुई है और 14 मार्च तक अनवरत जारी रहेगी। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से लगभग 7500 अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। फिजिकल टेस्ट में 800 मीटर की दौड़, 28.5 फीट गोला फेंक और 18.5 मीटर लंबी कूद जैसी कड़ी चुनौतियां शामिल हैं।इन कठिन चुनौतियों का सामना करने के लिए अभ्यर्थियों का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अनिवार्य है। ऐसे में सरपंच दुर्गाप्रसाद पगरवार ने महसूस किया कि दूर-दराज के जिलों से आने वाले युवाओं को होटल या धर्मशालाओं के खर्च और अव्यवस्थाओं के कारण परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने पंचायत भवन को अभ्यर्थियों के लिए 'अस्थायी आश्रय स्थल' में तब्दील कर दिया।

**अतिथियों की तरह हो रहा स्वागत:** पंचायत भवन में ठहरने वाले अभ्यर्थियों के लिए उत्तम दर्जे की व्यवस्थाएं की गई हैं। यहाँ सोने के लिए बिस्तर, स्वच्छ पेयजल, नहाने के लिए उचित प्रबंध और बिजली-पंखों की समुचित व्यवस्था है। इतना ही नहीं, सुरक्षा के लिहाज से परिसर में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी भी रखी गई है। सरपंच दुर्गाप्रसाद पगरवार का कहना है कि, ₹हमारी पंचायत का सौभाग्य है कि 36वीं बटालियन का ग्राउंड हमारे क्षेत्र में आता है। पिछले वर्ष भी हमने इसी तरह की व्यवस्था की थी। प्रदेश के अलग-अलग कोनों से आने वाले बच्चे हमारे प्रदेश का भविष्य हैं। उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह हमारा नैतिक दायित्व है। हम उन्हें निःशुल्क आवास और बुनियादी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं ताकि वे अपना पूरा ध्यान अपनी परीक्षा पर केंद्रित कर सकें।₹

**प्रदेश भर से पहुँच रहे युवा:** इस सुविधा का लाभ लेने के लिए मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे छतरपुर, टीकमगढ़, हरदा, ग्वालियर, मुरैना, इंदौर, दतिया और सागर से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पहुँच रहे हैं। पंचायत के आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन लगभग 50 से 60 अभ्यर्थी यहाँ रुक रहे हैं।

सागर जिले से आए एक अभ्यर्थी के दादा, राजेंद्र सिंह राजपूत ने भावुक होते हुए बताया, ₹हम अपने नाती का इंटरव्यू और फिजिकल दिलाने आए हैं। यहाँ आकर जो व्यवस्था देखी, वह वाकई काबिले-तारीफ है। सरपंच जी ने जो निःशुल्क सेवा शुरू की है, उसके लिए हम उन्हें लख-लख बधाई देते हैं। आज के समय में ऐसी निस्वार्थ सेवा कम ही देखने को मिलती है।₹ इसी प्रकार उमरिया जिले के अभ्यर्थी सानू सिंह रघुवंशी ने भी पंचायत द्वारा दी जा रही सुविधाओं की सराहना करते हुए इसे अभ्यर्थियों के लिए बड़ी राहत बताया।

**सरपंच की पहल की चहुँओर प्रशंसा:** ग्राम पंचायत कनकी के युवा सरपंच दुर्गा प्रसाद पगरवार की यह पहल केवल एक प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि 'अतिथि देवो भव' की भारतीय संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। जब एक जनप्रतिनिधि अपने अधिकारों और संसाधनों का उपयोग समाज की भलाई के लिए करता है, तो उसका प्रभाव दूरगामी होता है। कनकी पंचायत ने न केवल अभ्यर्थियों की आर्थिक मदद की है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण देकर उनके मनोबल को भी बढ़ाया है।

### कंचन खंडागले का जलवा, बालाघाट में सरकारी आवास, शासकीय वाहन की गोद में ले रहे आनंद

# मुख्यालय में नहीं रहते परिक्षेत्र सहायक समनापुर




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वन परिक्षेत्र दक्षिण लामता अंतर्गत समनापुर सर्किल में पदस्थ परिक्षेत्र सहायक कंचन खंडागले की कार्यप्रणाली सुर्खियों में बनी हुई हैं। समनापुर में परिक्षेत्र सहायक का आवासीय क्षेत्र रहने के बाद भी उन्होंने अपना रूतबा दिखाते हुए सरकारी क्वार्टर बालाघाट में कब्जा बना रखा है और वन विभाग के शासकीय वाहन से समनापुर आना जाना करजे नजर आते हैं। हरिभूमि के द्वारा पड़ताल की गई तो जानकारी सामने आयी, समनापुर सहायक परिक्षेत्र में अपने नाम से भवन का आवंटन करवा रखा हैं लेकिन परिक्षेत्र सहायक के आवास में बीटगार्ड निवास कर रहे हैं।



### उपचार कार्य की राशि में जमकर लूटपाट

वित्तिय वर्ष 2025-26 में कूप नंबर 10 एससीआई तथा आरएफ कूपो में उपचार कार्य तथा रख रखाव कार्य के लिए शासन से करोड़ों की राशि प्राप्त हुई थी जिसमें कक्ष क्रमांक 1377 बीट समनापुर तथा अन्य कक्ष क्रमांक में उपचाय कार्य के नाम पर कागजों में कार्य दर्शाकर लाखों की राशि फर्जी मस्टररोल बनाकर भुगतान दिखाया गया हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार परिक्षेत्र सहायक समनापुर के द्वारा वरिष्ट अधिकारियों को अपने पाले में रखते हुए शासन की राशि में बंदरबाट करने की बात कही जा रही हैं।मिली जानकारी अनुसार परिक्षेत्र सहायक समनापुर पूर्व में बीटगार्ड के पद में थे। पदोन्नति के चलते कार्यवाहक सर्किल प्रभारी बनाया गये हैं। अपने कार्यों में तथा कर्त्यव्यों में लापरवाही बरतते हुए मुख्यालय निवास नही करते हैं, बालाघाट से आना जाना करते हुए कार्य कर रहे हैं। समनापुर क्षेत्र संवदेनशील है, यहां पर अवैध कटाई रेत चोरी जैसे मामले निरंतर होते रहते हैं। ईंट भट्टों का जाल डिप्टी साहब के संरक्षण में भारी मात्रा में फल फूल रहा हैं।

### इनका कहना हैं

समनापुर सर्किल में सहायक परिक्षेत्र का आवासीय भवन बना हुआ हैं, तो नियमानुसार सर्किल प्रभारी को उपरोक्त क्षेत्र में निवास करते हुए कार्य करना चाहिए। जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

**रेशमसिंह धुर्वे**
**वनमंडलाधिकारी उत्तर सामान्य बालाघाट**

# जटाशंकर पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट पर 56 हजार रुपये की छात्रवृत्ति निकालने का गंभीर आरोप




जटाशंकर पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट वारा (वारासिवनी)
क्रमांक- 146
जिला-बालाघाट (म.प्र.)
-॥ स्थानांतरण प्रमाण पत्र ॥-
प्रमाणित किया जाता है कि आस्था नगपुरे
आत्मज श्री जितेन्द्र नगपुरे
दिनांक 10/05/2023 से दिनांक 14/09/2024 तक
BPT 1st year

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में एक फिजियोथेरेपी छात्रा ने वारासिवनी स्थित जटाशंकर पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट पर उसकी 56 हजार रुपये की छात्रवृत्ति निकालने का गंभीर आरोप लगाया है। छात्रा आस्था नगपुरे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रशासन से मामले की जांच और संस्थान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हालांकि, संस्थान प्रमुख आशीष पारधी ने इन आरोपों से इनकार किया है।

यह मामला तब सामने आया जब छात्रा ने संस्थान से अपना प्रवेश रद्द करवाकर भोपाल के एक कॉलेज में दाखिला लिया। इसके बाद उसे छात्रवृत्ति पोर्टल पर परेशानी का सामना करना पड़ा।

आस्था नगपुरे ने बताया कि उसने वर्ष 2022-23 में जटाशंकर पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट, वारासिवनी में फिजियोथेरेपी कोर्स में प्रवेश लिया था। लगभग ढाई साल तक परीक्षाएं न होने के कारण, उसने संस्थान से टीसी लेकर भोपाल के एक कॉलेज में प्रवेश ले लिया। हालांकि, टीसी में 'परीक्षा में शामिल नहीं' होने का उल्लेख होने के कारण उसे दोबारा टीसी लेनी पड़ी।

छात्रा के अनुसार, छात्रवृत्ति पोर्टल पर अभी भी उसका नाम वारासिवनी कॉलेज से जुड़ा हुआ है, जिससे वह भोपाल कॉलेज से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर पा रही है। जब उसने संस्थान से पोर्टल से नाम हटाने को कहा, तो प्रबंधन ने 56 हजार रुपये की छात्रवृत्ति राशि जमा करने की शर्त रखी। छात्रा का आरोप है कि प्रवेश के समय संस्थान ने उससे 30 हजार रुपये के साथ-साथ 56 हजार रुपये की छात्रवृत्ति राशि भी पहले ही ले ली थी।

आस्था ने प्रशासन से इस मामले की जांच करने और उसकी छात्रवृत्ति राशि वापस दिलाने की मांग की है। उसे चिंता है कि यदि संस्थान ने उसका नाम पोर्टल से नहीं हटाया, तो वह भोपाल में बिना छात्रवृत्ति के अपनी पढ़ाई कैसे जारी रख पाएगी।

संस्थान प्रबंधक आशीष पारधी ने छात्रा के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि प्रोफेशनल कोर्स में ऐसी समस्याएं आती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति उसी संस्थान में अध्ययन के लिए प्रदान की जाती है।

यदि छात्रा को अन्य कॉलेज में पढ़ते हुए छात्रवृत्ति लेनी है तो उसे सरकार की ओर से दी गई छात्रवृत्ति को वापस करना होगा। वहीं उन्होंने संस्था पर छात्रवृत्ति रख लेने के आरोप को गलत और बेबुनियाद बताते हुए कहा कि छात्रवृत्ति, छात्रा के खाते में आती है, ऐसे में वह कैसे उसकी मर्जी के राशि निकाल सकते हैं।

# लकड़ी लेने जंगल गए वृद्ध पर बाघ का हमला, मौत



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** सोमवार शाम बालाघाट जिले के लामता क्षेत्र में बाघ के हमले से एक 55 वर्षीय आदिवासी की मौत हो गई। यह घटना वन विकास निगम लामता रेंज के पाद्रीगंज सर्किल अंतर्गत दक्षिण मोहगांव बीट में हुई। मृतक की पहचान मोहगांव निवासी इंकारसिंह सैयाम के रूप में की गई है।

वन विभाग ने मृतक के परिजन को 20 हजार की सहायता राशि दी है। साथ ही ग्रामीणों को जंगल में प्रवेश न करने की सख्त हिदायत दी है। इससे पहले, ग्रामीण थाना क्षेत्र में खेत में काम कर रहे एक किसान पर तेंदुए के हमले की घटना भी सामने आई थी।

जानकारी के अनुसार, इंकार सिंह सैयाम अपने भतीजे पुनेश के साथ साइकिल से जंगल में लकड़ी लेने गए थे। वे दोनों विस्थापित वनग्राम मलधर क्षेत्र के जंगल में लकड़ी इकट्ठा कर रहे थे, तभी एक बाघ ने उन पर हमला कर दिया। बाघ के हमले में इंकारसिंह के गले पर गंभीर चोट आई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

हमले के बाद, इंकारसिंह के भतीजे पुनेश ने किसी तरह भागकर गांव पहुंचकर ग्रामीणों को घटना की सूचना दी। ग्रामीणों की जानकारी पर वन विभाग और चांगोटोला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

# 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**बालाघाट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेष कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 (शनिवार) को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय बालाघाट में 09 खंडपीठ का गठन किया गया है। इसी तरह सिविल न्यायालय बैहर के लिए 03 खण्डपीठ, सिविल न्यायालय कंटगी के लिए 01 खंडपीठ , सिविल न्यायालय लांजी के लिए 01 खंडपीठ तथा सिविल न्यायालय वारासिवनी के लिए 06 खंडपीठों का गठन किया गया है। इस प्रकार संपूर्ण जिले में कुल 20 खण्डपीठों का गठन किया गया। नेशनल लोक अदालत का वृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ताकि आमजन को लोक अदालत के लाभ के बारे में अवगत कराया जा सके।

## 208 कोबरा बटालियन द्वारा महा रक्तदान एवं निःशुल्क चिकित्सीय जांच शिविर का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** 87वें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल दिवस (19 मार्च 2026) के उपलक्ष्य में श्री शशी भूषण सिंह बिष्ट, कमाण्डेंट-208 कोबरा बटालियन के मार्गदर्शन में 208 कोबरा बटालियन द्वारा स्वर्गीय दिलीप भटेरे शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, किरनापुर, बालाघाट, म.प्र. में दिनांक 10 मार्च 2026 को महा रक्तदान एवं निःशुल्क चिकित्सीय जाँच शिविर का आयोजन, जिला चिकित्सालय बालाघाट, म.प्र. की रक्त संग्रह टीम एवं सहयोग अस्पताल गोंदिया के चिकित्सकों के सहयोग से किया गया। उक्त आयोजन में 208 कोबरा बटालियन के श्री नरशी मीणा उप कमाण्डेंट, श्री अरविंद कुमार रघुवंशी उप कमाण्डेंट, डॉ० स्नेहा हजारे, डॉ० निशा यादव के साथ-साथ अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं बहादुर जवान उपस्थित रहे। उक्त शिविर में आस-पास के गांवों जैसे- बड़गांव, आमगांव, पाला एवं किरनापुर इत्यादि में निवासरत नागरिकों और 208 कोबरा बटालियन के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं बहादुर जवानों और उनके परिवारजनों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, जिसमें 208 कोबरा बटालियन के 70 बहादुर जवानों एवं 03 परिवारजनों, और आस-पास के गांवों में निवासरत 29 आम नागरिकों द्वारा स्वैच्छिक रक्त दान देकर मानव सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया, जोकि अत्यंत सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा। साथ ही 140 से अधिक आम नागरिकों एवं 30 से अधिक जवानों एवं उनके परिवारजनों ने निःशुल्क जाँच शिविर का लाभ लिया।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए 4112 किसानों ने कराया पंजीयन

**बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और बिचौलियों के शोषण से बचाने के उद्देश्य से प्रदेश शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना और सरसों की खरीदी की व्यवस्था की गई है। इसके लिए जिले में किसानों का पंजीयन लगातार किया जा रहा है।जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए 10 मार्च तक तिथि निर्धारित की गई थी। इस तरह गेहूं पंजीयन के अंतिम दिवस 4112 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

## बेटे ने पिता की हत्या की, आरोपी फरार

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के बिरसा थाना क्षेत्र के सलघट गांव में खेत न जाने की मामूली बात पर हुए विवाद में एक बेटे ने अपने ही पिता की जान ले ली। सिर पर लकड़ी के वार से घायल 58 वर्षीय पिता मनुसिंह की मंगलवार दोपहर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 9 मार्च की रात की है। मनुसिंह का अपने मंझले बेटे हुमनसिंह से खेत न जाने को लेकर झगड़ा हुआ था। बहस इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर हुमनसिंह ने अपने पिता के सिर पर लकड़ी से जोरदार हमला कर दिया। हमले में मनुसिंह के सिर से काफी खून बहने लगा, जिसके बाद घर वालों ने रात में ही उनकी मरहम-पट्टी कर दी थी। मंगलवार सुबह मनुसिंह की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी और दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की खबर मिलते ही बिरसा पुलिस और बालाघाट से एफएसएल (FSL) की टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की।

# मायॅल ने पंचायत को दी एंबुलेंस और सामुदायिक भवन की सौगात



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** भारत सरकार के उपक्रम मायॅल लिमिटेड तिरोड़ी ने सीएसआर यानी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की राशि से ग्राम पंचायत तिरोड़ी को दो बड़ी बहुप्रतिक्षित सौगात भेंट की है। मंगलवार को दोपहर डेढ़ बजे नवनिर्मित सामुदायिक भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन कर विधायक गौरव सिंह पारधी के विशेष आतिथ्य में तिरोड़ी मायॅल प्रबंधक मनीष ढोके ने सरपंच फौजिया खान को एंबुलेंस की चाबी सौंपी। इसके पहले विधायक, मायॅल प्रबंधक, सरपंच, जनपद सदस्य और गांव के अन्य गणमान्य जनों की मौजूदगी में विधि-विधान से सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। मायॅल प्रबंधक ने कहा कि यह एंबुलेंस गरीब और जरूरतमंदों को कष्ट के समय में सहायता के लिए हमेशा ही तत्पर रहेगी। मॉयल ने ग्राम पंचायत तिरोड़ी को एंबुलेंस की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रबंधक ने कहा एंबुलेंस वाहन की सुविधा तिरोड़ी तहसील और समूचे पठार अंचल के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। वहीं मायॅल के द्वारा बनाया गया यह भवन सामाजिक, सांस्कृतिक, और नागरिक गतिविधियों का एक केंद्रीय स्थल बनेगा जो सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का काम करेगा यहां विवाह, बैठकें, और छोटी-छोटी सभाएं आयोजित की जा सकेगी। उन्होंने ग्राम पंचायत तिरोड़ी की जनता का सहयोग के लिए आभार भी जताया।

गौरतलब हो कि तिरोड़ी तहसील क्षेत्र में काफी लंबे समय से एबंलेंस की कमी देखने को मिल रही थी। वैसे तो तिरोड़ी तहसील में सरकार के द्वारा प्रदान की गई एक एंबुलेंस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहले से ही मौजूद है किंतु जिस संस्था के पास देख-रेख की जिम्मेदारी है वह वाहन का मेंटनेंस ठीक ढंग से नहीं कर पाती ऐसे में कई बार जरूरत के वक्त पर एंबुलेंस की सुविधा पीड़ितों को नहीं मिल पाती। वहीं तहसील क्षेत्र भी काफी वृहद होने के कारण अगर एक साथ कभी दो घटनाएं हो जाए तो भी एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिल पाती थी। अब मायॅल ने जब ग्राम पंचायत तिरोड़ी को एंबुलेंस की सौगात दी है तो ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिल रहा है। गांव की जनता ने विधायक के समक्ष भी कुछ मांगें रखी है। विधायक ने इस मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया है। विधायक ने मंच से मॉयल प्रबंधक के समक्ष गांव से जुड़ी कुछ समस्याओं को रखते हुए मायॅल से इन समस्याओं का निराकरण करने के लिए कहा है।

### सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पुलिस लुटेरी महिला की कर रही तलाश

# बुजुर्ग महिला से लाखों रुपए के जेवरात लूटकर हुई महिला फरार



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** इन दिनों वारासिवनी थाना क्षेत्र में लूट की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। कभी ये अज्ञात लुटेरे व्यापारियों को अपना निशाना बनाते है, तो कभी बस में सवार बुजुर्गों को बहला फुसलाकर जेवरात पर हाथ करते है। एक ऐसी ही घटना मंगलवार 10 मार्च को घटित हुई है। जहां बालाघाट से डॉक्टर से इलाज करवा कर अपने घर वापस जा रही बुजुर्ग महिला बस से उतार कर अज्ञात महिला ने बडी ही चालाकी से उसके लाखों रुपयों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी बुजुर्ग महिला ने अपने परिजनों को दी, जिसके बाद बुजुर्ग महिला अपने बेटों के साथ थाने पहुंची और घटना की जानकारी पुलिस को दी।

घटना के बारे में ग्राम बिटोंडी निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला हीराबाई पति ज्ञानीराम माहुरकर ने बताया कि मै अपने नाती अशोक ढोमने के साथ बाइक से इलाज के लिए बालाघाट गई थी। लेकिन इलाज करवाने के बाद मैं बस से अकेले वापस घर लौट रही थी। बस में मेरे बाजू की सीट पर एक महिला आकर बैठ गई थी। मै जब वारासिवनी बस स्टैंड में उतरी, तो उस महिला ने मेरा हाथ पकड़कर एक गली में लेकर गई। जहां उसने मुझसे दवाई की पर्ची मांगी और एक लाख रुपए का खर्च बताते हुए मेरे गले का मंगल सूत्र और कान के जेवरात निकाल कर अपने थैले में रखकर मेरा हाथ पकड़कर मुझे वापस बस में बैठा दिया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस बस स्टैंड पहुंची और बुजुर्ग महिला से पूरी जानकारी लेने के बाद दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से आरोपी की तलाश में जुट गई है। शहर में लूट की यह पहली घटना नहीं है। इसके पहले भी अज्ञात लुटेरों ने व्यापारियों को अपना निशाना बनाने का प्रयास किया था। जिसके सीसीटीवी फुटेज पुलिस के पास भी मौजूद है। मगर थाने में रखी ऐसे दर्जनों फाइलें धूल खा रही है।